विक्रम संवत 2082
शनिवार, 19 अप्रैल 2025
वर्ष 6, अंक 148, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार

PAGE NO, 05, BOTTOM

# एसआरएमएस सीईटीआर में दो दिवसीय स्पंदन की शुरुआत



कार्यक्रम का उद्घाटन करते एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति।

**बरेली, अमृत विचार :** श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च (एसआरएमएस सीईटीआर) में शुक्रवार को दो दिवसीय सांस्कृतिक फेस्ट स्पंदन का आगाज हुआ, जिसका उदघाटन चेयरमेन देव मूर्ति, सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, गुडलाइफ की डायरेक्टर ऋचा मूर्ति ने किया।

केयरिंग हैंड की प्रेसीडेंट रिया ने कार्यक्रम की जानकारी दी। देव मूर्ति ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की महत्ता पर प्रकाश डाला। मुख्य आकर्षण हाबीलैंड एवं आर्ट गैलरी रहे। वर्व के प्रेसिडेंट देव रस्तोगी ने आभार जताया।

**• आरवीएमआई, केसीएमटी के छात्र-छात्राओं ने भी लिया हिस्सा**

पहले दिन विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे मीडिया कैनवास, मैजिक आफ वायस, पाइरेट हंट, सोलो डांस, स्ट्रीट प्ले, क्लैश ऑफ बैंड हुईं । जिसमें ट्रस्ट से संबद्ध सभी महाविद्यालयों सहित आरवीएमआई, केसीएमटी के छात्र-छात्राओं ने भी बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। सीईटीआर के डीन एकेडमिक्स डॉ.शैलेश सक्सेना, ट्रस्ट से संबंधित महाविद्यालयों के निदेशक, प्राचार्य आदि मौजूद रहे।